(फोटोग्राफ्स)







भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>
<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण), उ0प्र0।

2- जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।

3- श्री प्रियांशू यादव, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल–गाजा (जे0वी0) लखीमपुर खीरी।

4- गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 1778 / M-48 / 64 दिनांक–22 /04/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित खबर "चौरिया गांव में जल जीवन मिशन की टंकी:कई महीनों से पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में आख्या।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–बांकेगंज "चौरिया गांव में जल जीवन मिशन की टंकी : कई महीनों से पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1097 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बांकेगंज की ग्राम पंचायत बाबरपुर चौरिया पाइप पेयजल योजना में पेयजल आपूर्ति बाधित की खबर प्रकाशित हुई। बाबरपुर चौरिया पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स वी0टी0एल–गाजा लि0 नोएडा द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि बाबरपुर के कुछ कनेक्शनों में लो वाटर प्रेशर की समस्या होने के कारण जलापूर्ति बाधित है शेष कनेक्शनों में जलापूर्ति चालू है। उक्त एजेन्सी को समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया हैं। एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया है कि 02 दिवस में उक्त कार्य की मरम्मत हेतु टीम लगवा दी जायेगी।